
टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED
(अनुसूची 'ए' , मिनी रत्न , पीएसयू )
(Schedule 'A', Mini Ratna, PSU)

Great Place To Work® Certified JUN 2024-JUN 2025 INDIA



जून, 2024

# गंगावतरणम्
# GANGAVATARANAM

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की गृह पत्रिका





**मुख्य संरक्षक**
**श्री आर. के. विश्नोई**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**संरक्षक**
**श्री शैलेन्द्र सिंह**
निदेशक (कार्मिक)

**संपादक**
**डॉ. ए. एन. त्रिपाठी**
महाप्रबंधक
(मानव संसाधन एवं जनसंपर्क)

**उप संपादक**
**सुश्री काजल परमार**
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

**विशिष्ट सहयोग**
**श्री पंकज कुमार शर्मा**
उप प्रबंधक (राजभाषा)

**सहायक संपादक**
**श्री ईशान भूषण**
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

**समन्वयक**

टिहरी
**श्री मनवीर नेगी**
प्रबंधक (जनसंपर्क)

कोटेश्वर
**श्री आर. डी. ममगाई**
उप प्रबंधक (जनसंपर्क)

कौशांबी
**श्री के. सूर्या मौली**
सहायक प्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.)

पीपलकोटी
**श्री अविनाश कुमार**
कार्यपालक प्रशिक्षु (जनसंपर्क)

खुर्जा
**श्री प्रभात कुमार**
कार्यपालक प्रशिक्षु (जनसंपर्क)

# CONTENTS

1. CMD Message ..............................................2.

2. Courtesy call of CMD, THDCIL on Hon'ble Minister of Power and Housing & Urban Affairs & Amelia Coal Mines dispatched 500 rakes of coal to NTPC ...........................3.

3. THDCIL conferred with PSU Leadership & Excellence Award 2024 ...........4.

4. THDCIL certified with Great Place to Work Certification ...............5.

5. International Yoga Day 2024 .......................6.

6. THDC & PSSC signed MoU to utilize advanced infrastructure at THDC's HRD center ...............7.

7. CMD & D(T), THDC visited KSTPP & MoU signed between THDCIL and TCIL for the development of Tehri Museum .......8.

8. 27th ICPSU organized at Tehri ......................9.

9. World Environment Day 2024 & D(T), NA, MoC visited Amelia Coal Mines Project at MP ............10.

10. Successful Testing of Wagon Tippler at KSTPP & World Blood Donor Day at VPHEP .............11.

11. Hindi Workshop at Tehri, Safety Awareness Workshop at KSTPP & Health Camp at THDC Dispensary, Rishikesh ...............12.

12. Ladies Club & Congratulations ..................13.

13. Retirement ..................14.



आनंदः अस्ति स्वीकृतिः
Happiness is acceptance



# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का संदेश

**समत्वं योग उच्यते**
**(Evenness of Mind is Known as Yoga)**

प्रिय टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड परिवार के मेरे प्रिय सदस्यों,

आप सभी को मैं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं संप्रेषित करता हूँ | जैसा कि आप सभी को ज्ञात है कि हर वर्ष 21 जून को हम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाते हैं जिसका उद्देश्य योग को हमारे जीवन में प्रमुख स्थान देकर उसे अपनी जीवनशैली में ढालना है। योग दिवस की शुरुआत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा वर्ष 2014 में वैश्विक मंच पर योग को एक महत्वपूर्ण स्थान देने के प्रयास से की गई थी | संयुक्त राष्ट्र महासभा में उन्होंने योग के महत्व को बताते हुए कहा था, "योग भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है, जो मानवता के लिए एक अनमोल धरोहर है। योग का अर्थ है एकता, योग का अर्थ है समरसता, योग का अर्थ है सामंजस्य।"

उन्होंने योग को वैश्विक स्तर पर जागरूकता फैलाने के लिए इसे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की पहल की और 21 जून को इसे मनाने का प्रस्ताव रखा। वर्ष 2015 में पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस विश्वभर में मनाया गया | साथियों, हज़ारों साल पहले भारत में योग की शुरुआत हुई और आज पूरी दुनिया में योग प्रचलित है।

"योग से बड़ा कोई ऐश्वर्य नहीं, योग से बड़ी कोई सफलता नहीं, योग से बड़ी कोई उपलब्धि नहीं।"

यह कथन योग को सर्वोच्च लक्ष्य के रूप में वर्णित करता है। प्रिय साथियों, योग हमारे जीवन में अमूल्य रत्न की तरह है, ये सिर्फ शारीरिक व्यायाम ही नहीं बल्कि मन, शरीर और आत्मा को एक साथ जोड़ने वाली एक संपूर्ण जीवनशैली है। योग एक संगीत की तरह है जो शरीर की लय, मन की मधुरता और आत्मा के सद्भाव को एक साथ लाकर जीवन को एक सुर में पिरोता है। यह जीवन के सफर को मधुर बनाता है।

माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रयासों की दिशा में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में भी हम हमारे कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न कार्यक्रम और पहलों को अपनाते हैं | निगम में हमने हमारे कर्मचारियों के बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए कई सार्थक प्रयास किए हैं। निगम द्वारा योगाभ्यास के आयोजन के साथ-साथ समय-समय पर विभिन्न योग प्रशिक्षण कार्यशालाओं के आयोजन भी कराए जाते हैं |

मुझे यह देखकर हर्ष है कि आप सभी कर्मचारियों ने इन गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर हमारे इन प्रयासों को सफल बनाया है। हमारे यह प्रयास अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की इस वर्ष की थीम "Yoga for Self and Society" यानि कि "स्वयं और समाज के लिए योग" के अनुरूप हैं |

मैं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आप सभी को बताना चाहता हूँ कि योग एक ऐसा अभ्यास है जो हमारे शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को संपूर्ण रूप से बेहतर बना सकता है। इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने से हम एक स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकते हैं, इसलिए इस अनमोल जीवन शैली को अपने जीवन की अभिन्न शैली बनाकर अपने जीवन को स्वस्थ और मधुर बनाना चाहिए।

अंत में मैं यह कहना चाहूंगा कि योग अपनाना सिर्फ एक अच्छी आदत ही नहीं, अपितु स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने की दिशा में उठाया गया एक सार्थक कदम है। इसलिए, आइए ! हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि योग को अपनाकर हम न केवल अपना स्वास्थ्य बेहतर बनाएंगे, अपितु एक सकारात्मक और सफल कार्य संस्कृति का भी निर्माण करेंगे ।

धन्यवाद!

जय हिन्द... जय भारत... !

**(आर. के. विश्नोई)**



**Courtesy call by CMD, THDCIL, Sh. R. K. Vishnoi, on the Hon'ble Minister of Power and Housing & Urban Affairs, Sh. Manohar Lal, in New Delhi on 10th June, 2024.**

## Amelia Coal Mine Successfully Dispatched 500 rakes of Coal



Sh. R. K. Vishnoi, Chairman and Managing Director, congratulated Team THDCIL for a major achievement at THDC's Amelia Coal Mine as 500 rakes of Coal have been successfully dispatched to various NTPC Limited power plants. Amelia Coal Mines, which began operations six months ahead of schedule, to meet the fuel requirements of the 1320 MW Khurja STPP in District Bulandshahar stands as a testament to THDCIL's commitment to excellence and operational efficiency. Sh. Vishnoi acknowledged the dedicated efforts of team Amelia Coal Mine, recognizing their pivotal role in reaching this significant milestone and strengthening THDC's position in the mining industry. With this achievement as a stepping stone, THDCIL, supported by its team, partners, and stakeholders, is poised to make substantial strides in the energy industry, contributing significantly to the nation's progress. THDC India Limited, being a leading Public Sector Undertaking (PSU) in the Power Sector, continues to expand its footprint across various domains of Energy Generation, including Hydro, Wind, Solar, Thermal and Pumped Storage Plants (PSP). Demonstrating our commitment to enhancing India's Energy Capacity, this achievement aligns with our long-term vision of integrating traditional and renewable energy sources to create a balanced and sustained energy mix. Sh. Shallinder Singh, Director (Personnel), THDC India Limited conveying his heartfelt best wishes on this achievement said that this signifies THDCIL's proactive approach to provide 24x7 affordable power to the nation. This milestone is a clear reflection of our dedication to operational efficiency and excellence. THDCIL remains committed to leveraging its diverse energy portfolio to meet the nation's growing power demands sustainably and efficiently.

Sh. Bhupender Gupta, Director (Technical) congratulated the entire THDCIL team at Amelia Coal Mine Project and said that the successful dispatch of 500 rakes of coal from Amelia Coal Mine is a testament to the advanced planning and technical prowess of our team. At Amelia Project THDCIL has implemented state-of-the-art technologies and rigorous safety protocols to ensure seamless operations and maximum efficiency.

## THDCIL Conferred with prestigious PSU Leadership & Excellence Award 2024




THDC India Limited has been conferred with the prestigious PSU Leadership & Excellence Award 2024 in the category of ‘Leadership in Digital Transformation’. Dr. Jitendra Singh, Hon’ble Union Minister of State (Ind. Charge) Science & Technology; Earth Sciences; MoS PMO, PP/ DoPT, Atomic Energy, Space, Government of India conferred the award in a glittering ceremony organized at The Lalit, New Delhi on 21st June 2024. Dr. Singh during his address congratulated all the winners of the PSU Leadership Awards and stated that the winners of today’s event are live examples of current emerging scenario of domestic entities coming forward and playing pivotal role of torchbearers, towards India achieving its dream vision of becoming a Developed Nation by 2047. He highlighted the transformative journey of India and the significant contributions PSUs have made along the way.

Sh. R. K. Vishnoi, CMD, THDCIL, congratulated the THDCIL team for this remarkable achievement, attributing the success to the hard work and dedication of the workforce. He emphasized the critical role of digital transformation in today's energy landscape. THDCIL has always been in forefront in adoption of New Innovative and State-of-Art technologies and this award is a testament to our team's unwavering commitment towards this direction.

Digital transformation is not just a trend but, complemented with AI it is a necessity in today's dynamic energy sector. It enhances our efficiency, transparency, and service delivery, ensuring we remain at the forefront of innovation. Our focus on digital transformation has enabled us to streamline operations, reduce costs, and improve customer/stakeholder satisfaction. This recognition reinforces our aim to lead by example in the public sector.

THDCIL’s key digital initiatives, emphasize the company's commitment to digital transformation and fully paperless working environments. The recently inaugurated E-gyan Sanchay, an online learning platform, the digitization of Finance management process, telemedicine initiative, significant advanced technological interventions in the O&M of key projects of THDCIL highlights the commitment of THDCIL to a paperless office and latest technological integration brings all HR services right to the fingertips and palms of the last man standing in the organization. By leveraging advanced technological interventions, we ensure that every employee can access essential services and information seamlessly, enhancing overall productivity and satisfaction.

Sh. Shallinder Singh, Director (Personnel), received the award on the behalf of THDC India Limited. Sh. Singh highlighted that the award serves as a testament to THDCIL's dedication to innovation and transformation within public sector enterprises. "Receiving this award is a proud moment for all of us at THDCIL. It signifies our dedication to integrating advanced digital solutions into our processes. These efforts not only enhance our operational capabilities but also contribute significantly to nation-building. Digital transformation is key to achieving our goals of sustainability and efficiency with Excellence," said Sh. Singh. It is a proud moment for THDCIL that on being conferred this progressive award, against nationwide stiff competition, duly evaluated by country’s most eminent top bureaucrats and CMDs , under most stringent, transparent and objective evaluation process.

## THDC India Limited awarded with Prestigious 'Great Place To Work' Certification



THDC India Limited has been certified as a 'Great Place To Work' by Great Place To Work™, India, which solidifies THDCIL's commitment to fostering a positive and inclusive work culture.

Emphasizing the pivotal role of HR practices and inclusive work culture, Sh. R. K. Vishnoi, CMD, THDCIL stated that it was a proud moment as this international certification based on intensive assessment parameters has been conferred, in recognition of the exemplary HR Practices and Work Culture. Despite all the phenomenal challenges being faced in the process of harnessing Hydro Energy, all THDC employees consistently exhibit unwavering dedication and unparalleled excellence, in fostering a positive and collaborative environment. He underscored the profound impact of effective HR practices on organizational growth, highlighting how THDC's commitment to exceptional human resource management has been a driving force behind its recognition as a Great Place To Work.

The certification as a Great Place To Work, not only solidifies THDC's position as a leader in the energy sector but also sets a benchmark for other organizations aspiring to elevate their HR standards, ultimately contributing to the holistic development of individuals and the communities they serve.

Company's commitment to sustainable practices and Corporate Social Responsibility further enhances job satisfaction, empowering employees to make meaningful contributions to society and the nation. Continuing on a sustained growth trajectory, THDCIL strikes a harmonious balance between success and tranquility, offering its employees an ideal environment to thrive and prosper, ensuring that its workforce rises, shines, and thrives.

Sh. Shallinder Singh, Director (Personnel), THDC India Limited congratulated the entire THDCIL workforce and said that this esteemed recognition is a testament to THDCIL's steadfast dedicated Team Efforts, to nurturing a positive and supportive workplace environment for its employees. He emphasized that the success of an organization relies on three core principles: Transparency, Objectivity, and Honesty. This encompasses continuous process improvement, engaging employee initiatives, targeted learning and development programs, providing robust career and growth opportunities, and a strong focus on employee welfare. THDC's achievement of the Great Place To Work certification underscores the organization's commitment to fostering a culture of excellence and innovative HR practices. Our commitment at THDCIL is to create an inclusive, supportive, and gender-neutral work culture, ensuring equal opportunities, specially for our female counterparts, fostering employee friendly initiatives, and promoting continuous learning. Together, we are building a workplace that champions diversity, empowers the specially-abled, and values every individual. THDCIL always endeavours to be an employer of choice and a Great Place to Work, to all employees.

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 का आयोजन

ऋषिकेश






कॉरपोरेट कार्यालय में योग दिवस के आयोजन के दृश्य

कौशांबी



एनसीआर कार्यालय में योग दिवस के आयोजन के दृश्य

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने अपने कॉर्पोरेट कार्यालय, के साथ-साथ सभी परियोजना और यूनिट कार्यालयों में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस वर्ष के लिए योग दिवस की थीम "स्वयं और समाज के लिए योग" रखी गई थी। इस कार्यक्रम में सभी परियोजनाओं और कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों ने एकजुट होकर स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए उत्साह और जोश की भावना के साथ इस योग कार्यक्रम में भाग लिया।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर. के. विश्नोई ने सामुदायिक केंद्र, कॉर्पोरेट कार्यालय, ऋषिकेश में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी। श्री विश्नोई ने अपने संबोधन में समकालीन समय में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में योग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने योग की परिवर्तनकारी शक्ति पर भी प्रकाश डाला। साथ ही व्यक्तिगत कल्याण के साथ –साथ वैश्विक सद्भाव को बढ़ावा देने की इसकी क्षमता पर भी जोर दिया। श्री विश्नोई ने वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अभियान शुरू करने में माननीय प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शी पहल पर प्रकाश डाला, जिसके कारण 21 जून 2015 को दुनिया भर में इसे मनाया गया | श्री विश्नोई ने योग के बारे में अपना दृष्टिकोण साझा किया कि कैसे योग व्यक्तिगत स्वास्थ्य के साथ-साथ समुदायों के भीतर एकता की भावना को बढ़ावा देता है। इस वर्ष की थीम, "स्वयं और समाज के लिए योग" पर विचार करते हुए, उन्होंने सभी कर्मचारियों को योग अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही व्यक्तिगत कल्याण के साथ सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देने में इसकी दोहरी भूमिका को भी रेखांकित किया। उन्होंने टीएचडीसीआईएल के सभी कार्यालयों एवं परियोजनाओं में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (कार्मिक) ने टीएचडीसीआईएल के कौशांबी कार्यालय, नई दिल्ली में योग दिवस कार्यक्रम का नेतृत्व किया। श्री सिंह ने इस महत्वपूर्ण अवसर का हिस्सा बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की और "स्वयं और समाज के लिए योग" विषय के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सामंजस्यपूर्ण दुनिया बनाने में एकता और वैश्विक सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया एवं नियमित आधार पर आयोजित योग कार्यक्रमों और शिविरों के माध्यम से ऐसे मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की सराहना की। उन्होंने प्रत्येक कर्मचारी से समग्र कल्याण और संगठनात्मक दक्षता बढ़ाने के लिए योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने का भी आग्रह किया।

इस अवसर पर श्री भूपेन्द्र गुप्ता, निदेशक(तकनीकी) ने वर्तमान के व्यस्त और तनावपूर्ण कार्य वातावरण में योग के महत्व पर प्रकाश डाला और इस वर्ष की थीम के अनुरूप शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को बढ़ाने के लिए दैनिक दिनचर्या में योग को अपनाने के महत्व पर जोर दिया।

टिहरी



खुर्जा



पीपलकोटी



अमेलिया



जयपुर



देहरादून



## THDCIL and PSSC signed MoU aiming to Utilize the Advanced Infrastructure at THDCIL's HRD Centre



THDC India Limited and the Power Sector Skill Council (PSSC), New Delhi, have entered into a strategic partnership through a Memorandum of Understanding on 07th June, 2024 signed at the (HRD) Takshashila Sustainable Livelihood and Community Development Centre of THDCIL in Rishikesh. This collaboration aims to utilize the advanced infrastructure at HRD Centre to conduct residential training programs. On this occasion, Sh. R. K. Vishnoi, CMD, THDCIL, highlighted the company's commitment to providing reliable and affordable 24x7 power to the nation. "This partnership is a testament to THDCIL's dedication to driving innovation and transformation within public sector enterprises" said Sh. Vishnoi.

Sh. Shallinder Singh, Director(Personnel), THDCIL described the MoU as a significant milestone in enhancing skill development within the power sector. "Our State-of-the-Art HRD Centre in Rishikesh is not just a training facility; it is a hub for innovation and excellence," he remarked. Nestled in eco-friendly surroundings, the center has been pivotal in conducting numerous programs and workshops focused on harnessing various energy resources. Equipped with cutting-edge technologies, the HRD Centre offers comprehensive residential training programs for both government and private institutions. The MoU was signed by Sh. V. K. Singh, Chief Executive Officer, PSSC, and Sh. S. K. Sharma, Addl. General Manager (HRD), THDCIL, in the gracious presence of Sh. Shallinder Singh, Director(Personnel), THDCIL and other senior officers of THDCIL.

The PSSC, a national body dedicated to skill development across the power industry, covers sectors including power generation, transmission, distribution, renewable energy, and power equipment manufacturing. The council has been actively pursuing its objectives with strong industry support.

## अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा खुर्जा परियोजना का दौरा





12 जून से 13 जून, 2024 को निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर. के. विश्नोई एवं निदेशक(तकनीकी), श्री भूपेन्द्र गुप्ता द्वारा खुर्जा उच्च ताप विद्युत परियोजना का दौरा किया गया। यह दौरा परियोजना की प्रगति का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से किया गया । इस दौरान अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने परियोजना की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और समस्याओं एवं सुझावों को सुना और उनका समाधान किया। 13 जून, 2024 को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा रेलवे साइडिंग की (Rail Over Rail) ROR के कार्य की प्रगति की समीक्षा की | उन्होंने कार्य से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए | इस अवसर पर अपर गंगा कैनाल, मुंडाखेड़ा से 900mm पी.सी.सी.पी. दोहरी पाइप लाइन के द्वारा टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, खुर्जा स्थित जलाशय तक 43 क्यूसेक जलापूर्ति के कार्यों का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा, निदेशक (तकनीकी) की उपस्थिति में उद्घाटन किया गया | दौरे की समाप्ति पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं निदेशक(तकनीकी) ने परियोजना के कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया एवं खुर्ज़ा परियोजना की टीम को दृड़ता से कार्यरत रहने के लिए प्रेरित किया |

## THDCIL Takes Lead in Digital Transformation with Metaverse Initiative with State-of-Art, real-life Virtual experiences of its 1000 MW Tehri Power Plant



THDCIL has embarked on a pioneering initiative by signing a Memorandum of Understanding (MOU) with M/s Telecommunications Consultants India Limited (TCIL), a Public Sector Undertaking of Government of India at Corporate Office, Rishikesh on 24th June, 2024. This landmark agreement focuses on the development of a state-of-the-art 3D-scanned digital twin of the Tehri Hydro Power Plant. The project also includes its integration into a metaverse environment and the deployment of an advanced application system within the Tehri Museum for public access.

Sh. R. K. Vishnoi, CMD, THDCIL commended the efforts of THDC team for their dedication in advancing the development of the Tehri Museum. Sh. Vishnoi emphasized the ambitious scope of the project, highlighting its potential to transform stakeholder engagement and redefine how visitors interact with our Flagship i.e., Tehri Hydro Power Plant.

Central to the Project is the meticulous process of 3D Laser Scanning, which captures detailed geometries and textures of one power generation unit out of the four installed at the plant. This data will be processed and rendered to create an accurate and high-resolution digital twin.

The Integration into a Metaverse Environment will enable virtual exploration of THDCIL's Flagship i.e., 1000 MW Tehri Hydro Power Plant, interactively, either in a Guided Tour or free-roam Mode.

Sh. Shallinder Singh, Director (Personnel) highlighted the strategic benefits of the metaverse-based virtual plant. It has the potential to replace physical tours with immersive virtual, almost actual real-life experiences, thereby expanding outreach and educational opportunities. Moreover, the project holds promise for commercialization, unlocking new revenue streams and enhancing THDCIL's Brand Image as a forward-thinking, progressive entity in the Energy Sector.

During the occasion, Sh. Bhupender Gupta, Director(Technical) added that the integration of the Tehri Hydro Power Plant into a metaverse environment represents a significant leap forward for THDCIL. By embracing cutting-edge technologies and enhancing public engagement, THDCIL is poised to set new standards in sustainability, innovation, and stakeholder communication in the Energy Sector. The MoU was signed by Sh. S. K. Chauhan, HoD (R&D), THDC India Ltd. and Sh. Rajesh Puri CGM(IT&T-BD), TCIL.

## 27वें अंतर-सीपीएसयू कैरम टूर्नामेंट का आयोजन

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा उत्तराखंड के टिहरी में विद्युत मंत्रालय के पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के प्रतिष्ठित बैनर तले, 18 से 22 जून, 2024 तक 27वां अंतर-सीपीएसयू कैरम टूर्नामेंट, सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रतिभागियों के मध्य खेल भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतिष्ठित पांच दिवसीय कार्यक्रम में विद्युत क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों का प्रतिनिधित्व करने वाली 12 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें विद्युत मंत्रालय (एमओपी), केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए), भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी), एनएचपीसी, ग्रिड इंडिया, सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड (एसजेवीएनएल), नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (नीपको), पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी), ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड (आरईसी), पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल), दामोदर वैली कॉर्पोरेशन (डीवीसी) और मेजबान टीम टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (टीएचडीसीआईएल) की टीमें शामिल थी।



श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (कार्मिक) का स्वागत करते श्री एल. पी. जोशी, कार्यपालक निदेशक (टीसी)

18 जून 2024 को श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (कार्मिक) ने श्री एल. पी. जोशी, कार्यपालक निदेशक (टिहरी कॉम्प्लेक्स) और टीएचडीसीआईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस 05 दिवसीय टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। दर्शकों को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने और देशभक्ति की भावना में वृद्धि हेतु खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।



श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (कार्मिक) दीप प्रज्ज्वलित कर कैरम टूर्नामेंट का शुभारंभ करते हुए

श्री भूपेंद्र गुप्ता, निदेशक (तकनीकी) 22 जून 2024 को इस टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास में खेलों के महत्व को रेखांकित किया तथा समर्पण, प्रतिभा और जुनून दिखाने के लिए प्रतिभागियों की सराहना की, जिसने इस आयोजन की शानदार सफलता में योगदान दिया। श्री गुप्ता ने विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।



समापन समारोह के अवसर पर श्री भूपेन्द्र गुप्ता, निदेशक (तकनीकी) का स्वागत करते कार्यपालक निदेशक (टीसी)



श्री भूपेन्द्र गुप्ता, निदेशक (तकनीकी) कैरम टूर्नामेंट के विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए

धन्यवाद ज्ञापन श्री एल. पी. जोशी, कार्यपालक निदेशक(टिहरी कॉम्प्लेक्स) ने दिया। श्री जोशी ने निर्बाध और निष्पक्ष प्रतियोगिता सुनिश्चित करने में असाधारण प्रयासों के लिए टूर्नामेंट के मुख्य रेफरी, श्री ए. के. गुप्ता के नेतृत्व में उत्तरांचल कैरम संघ का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. ए. एन. त्रिपाठी, महाप्रबंधक(मानव संसाधन एवं प्रशासन, सीसी), श्री एम. के. सिंह, महाप्रबंधक (मैकेनिकल एवं सिविल), श्री विजय सहगल (विधि एवं पुनर्वास समन्वय), डॉ. नमिता डिमरी (सीएमओ-प्रभारी, टिहरी चिकित्सालय) के साथ-साथ टीएचडीसीआईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



कैरम टूर्नामेंट के आयोजन का दृश्य

## टीएचडीसी ने पौधारोपण अभियान एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया





विश्व पर्यावरण दिवस के आयोजन की कुछ झलकियां

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने सतत आजीविका और सामुदायिक विकास केंद्र, ऋषिकेश में स्वदेशी प्रजातियों के पौधों का रोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर.के. विश्नोई ने कहा कि विकास, लचीलापन और समर्पण का प्रतीक यह कार्यक्रम पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति संगठन की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सतत समाधानों पर कंपनी के फोकस पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "आज का कार्यक्रम उन कार्यक्रमों की श्रृंखला में से एक है जो पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता को दर्शाते हैं। यह कार्यक्रम सततता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जिसे पूरे निगम में, देश के विभिन्न भागों में स्थित टीएचडीसीआईएल की सभी परियोजनाओं और कार्यालयों में आयोजित किया जा रहा है।"

इस अवसर पर मानव संसाधन विकास केंद्र में "भूमि पुनरुद्धार, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटना" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (कार्मिक), टीएचडीसीआईएल द्वारा पारंपरिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री कल्याण सिंह रावत और प्रसिद्ध पर्यावरणविद् श्री सचिदानंद भारती उपस्थित रहे । इसके साथ ही टीएचडीसीआईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि इस अवसर के लिए निर्धारित विषय यानी #हमारी धरती एवं हमारा भविष्य तथा पीढ़ी पुनर्स्थापना'' आज के विश्व के लिए जिसमें बढ़ता तापमान, घटता वन क्षेत्र एवं बढ़ता जल संकट जैसे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय मुद्दों को देखते हुए सबसे उपयुक्त हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से स्वच्छ पर्यावरण और स्थिरता के लिए संकल्प लेने का आग्रह किया तथा सभी को ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए प्रत्येक वर्ष कम से कम दो पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, "टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड 24*7 किफायती विद्युत उपलब्ध कराने के साथ ही देश के सतत विकास में योगदान प्रदान करने के लिए भी समर्पित है।"

उन्होंने यह भी बताया कि टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख विद्युत उत्पादक एवं लाभ अर्जित करने वाली कंपनी है, जो उत्कृष्टता, सततता एवं सामुदायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत के ऊर्जा परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में, टीएचडीसीआईएल पर्यावरणीय स्थिरता को प्राथमिकता देते हुए राष्ट्र के विकास में योगदान देने में अग्रसर है।

श्री सिंह ने कहा कि पर्यावरणीय स्थिरता के लिए टीएचडीसीआईएल की प्रतिबद्धता इसकी संगठनात्मक संस्कृति में गहराई से अंतर्निहित है, जैसा कि इसकी व्यापक पर्यावरण नीति से भी स्पष्ट होता है। कंपनी पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को कम करने के लिए अपनी परियोजनाओं में उन्नत तकनीकों और प्रक्रियाओं को नियोजित करती है। इसके अतिरिक्त, 2070 तक शुद्ध-शून्य ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन प्राप्त करने के भारत सरकार के विजन के अनुरूप, टीएचडीसीआईएल ऋषिकेश में एक ग्रीन हाइड्रोजन पायलट परियोजना का कार्यान्वयन कर रही है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं ने पर्यावरणीय चिंताओं पर चर्चा की इसके साथ ही सतत तरीकों एवं पारिस्थितिक संतुलन पर भी विशेष जोर दिया। उनकी अंतर्दृष्टि और अनुभवों ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया तथा उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर टीएचडीसीआईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, जिनमें महाप्रबंधक (सामाजिक एवं पर्यावरण) श्री अमरदीप; विशेष कार्याधिकारी, श्री पी.के. नैथानी; उप महाप्रबंधक, श्री विपिन थपलियाल; श्री बी.एस. नेगी, तथा वरिष्ठ प्रबंधक, श्री डी.पी. त्यागी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने हरित तथा अधिक लचीले पर्यावरण के प्रति संगठन की सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

## Director (Technical), NA, MoC Visited Amelia Coal Mine



Sh. Marapally Venkateshwarlu, Director(Technical), NA, Ministry of Coal visited THDCIL's Amelia Coal Mine located at Singrauli district, Madhya Pradesh on 17th June, 2024. Director (Technical) visited the mine site and Railway Siding through the dedicated dispatch road being developed by MDO M/s ACML along the route of the coal conveyor corridor. Sh. A. K. Sharma, OSD, Sh. Rajeev Govil, GM, Sh. Rajeev Ranjan Singh, DGM, Sh. D.S. Rao, Sr.Manager, Sh. Umesh Mahato (Head of Mining Services Aditya Birla Group) were present during the visit.

## Successful Testing of Wagon Tippler and its Side Arm Charger with a Full Load (Empty Wagon)





THDC India Limited's 1320 MW under-construction Khurja Super Thermal Power Project has achieved another significant milestone on 08th June, 2024 as the Wagon Tippler and its Side Arm Charger (Coal Handling Plant) were successfully tested with a full load (empty wagon).

Sh. R. K. Vishnoi, Chairman & Managing Director congratulated Team THDCIL on significant achievement and said that this comprehensive testing phase ensures that the wagon tippler complex is fully operational and ready to handle coal transportation and processing efficiently. The successful trial run highlights the readiness of the complex to manage the demanding requirements of coal handling and sets the stage for subsequent operations.

The operational parameters were met, with the tippler achieving the required tilt angle of 154 degrees with the dedicated efforts of the entire CHP team along with other agencies and consultants. Following this achievement, the primary focus now shifts to testing the Coal Crusher and Stacker-Reclaimer. These tests are crucial to ensure the commencement of coal stacking operations by the third week of July'24, he added.

Sh. Shallinder Singh, Director (Personnel) congratulated Team THDCIL on this achievement and said that the successful testing of the Wagon Tippler and its Side Arm Charger is a critical step towards ensuring the smooth and efficient handling of coal at the Khurja Super Thermal Power Project. This achievement underscores THDC's technical capabilities and preparedness for the upcoming phases of the project.

Sh. Bhupender Gupta, Director (Technical) congratulated the officials of KSTPP for this achievement. This milestone completes the entire set of activities for the Wagon Tippler Complex, including Side Arm Charger, Tippler, Apron Feeder, Dribbling Conveyor, and Chutes. This is a major step towards the commissioning of the Khurja STPP. With this achievement as a stepping stone, THDCIL, supported by its team, partners, and stakeholders, is poised to make substantial strides in the energy industry, contributing significantly to the nation's progress.

Sh. Kumar Sharad, (ED Project – KSTPP); Sh. Vijay Kumar, (AGM- CHP & Rly. Siding); Sh. Ajees Thajudeen, (RCM, tkII), the entire CHP team, and all senior officers of THDC, NTPC, and tkII, etc., were present and witnessed the successful Tippling of Empty Wagon at the Wagon Tippler area.

## वीपीएचईपी में रक्तदाता दिवस का आयोजन

टीएचडीसीआईएल की वीपीएचईपी की डिस्पेंसरी मे विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून, 2024 को जिला अस्पताल गोपेश्वर के सहयोग से एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना), श्री अजय वर्मा द्वारा किया गया। इस शिविर मे 30 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) द्वारा प्रमाणपत्र वितरित किए गए।



## टिहरी परियोजना में हिंदी कार्यशाला का आयोजन



06 जून, 2024 को टिहरी परियोजना के हिंदी अनुभाग (मा.सं.) विभाग द्वारा टिहरी एवं कोटेश्वर के अधिकारियों के लिए एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ.ए.एन.त्रिपाठी, महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन, केंद्रीय संचार), श्री डी. पी. पात्रो, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) एवं डॉ संजीव नेगी, मुख्य संकाय सदस्य का स्वागत पुस्तक भेंट कर किया गया एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डॉ.ए.एन.त्रिपाठी, महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन, केंद्रीय संचार) ने राजभाषा के स्वरूप एवं महत्व पर बल देते हुए कहा कि हम सुनिश्चित करें कि हम अपने समस्त कार्य हिंदी में ही करें। हमें अपने सभी कार्यालयीन कार्यों को शत-प्रतिशत हिंदी में संपन्न कर हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना चाहिए। कार्यशाला में आमंत्रित संकाय सदस्य, डॉ संजीव नेगी ने उपस्थित प्रतिभागियों को राजभाषा नियम एवं अधिनियम एवं कार्यालयीन हिंदी का स्वरूप एवं पत्राचार के विविध रूपों पर सारगर्भित व्याख्यान दिया | इस कार्यशाला में टिहरी/ कोटेश्वर परियोजना के कुल 28 अधिकारियों ने भाग लिया।

## खुर्जा परियोजना में दो दिवसीय सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




खुर्जा उच्च ताप विद्युत परियोजना में 26 व 27 जून, 2024 को सुरक्षा विभाग द्वारा शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों हेतु दो दिवसीय "सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम" का आयोजन को किया गया | इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, श्री एस. के. भटनागर (कार्यपालक निदेशक: एमआर सेफ़्टी इंजीनियर & एसएचई कन्सलटेंट) के द्वारा सभी को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्व और उपायों के बारे में जागरूक करना था | प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के कुल 40 अधिकारियों ने भाग लिया। श्री भटनागर ने विभिन्न प्रकार की आपातकालीन स्थितियों जैसे आग, भूकंप, और अन्य दुर्घटनाओं के दौरान अपनाए जाने वाले उपायों पर चर्चा की। उन्होंने प्रतिभागियों को इलेक्ट्रिकल सेफ़्टी, हाइट सेफ़्टी, तेज आवाज से सेफ़्टी, फायर सेफ़्टी के साथ-साथ विभिन्न सुरक्षा उपकरणों के बारे में भी बताया। इस कार्यक्रम में श्री गजेन्द्र सिंह, अपर महाप्रबंधक, श्री यशवंत सिंह नेगी, उप प्रबंधक, श्री हरेन्द्र सिंह चौहान, अभियंता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे |

## निरामय स्वास्थ्य केंद्र, ऋषिकेश में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन






05 जून, 2024 को कॉरपोरेट कार्यालय ऋषिकेश की डिस्पेंसरी- निरामय स्वास्थ्य केंद्र में गंगा प्रेम हॉस्पिस, ऋषिकेश एवं राजीव गांधी कैंसर इंस्टिट्यूट एन्ड रिसर्च सेंटर, दिल्ली के सौजन्य से कैंसर स्क्रीनिंग (ऑरल एन्ड सर्विकल कैंसर एवं ब्रेस्ट कैंसर डिटेक्शन) तथा सामान्य स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया | शिविर में कैंसर स्क्रीनिंग के साथ-साथ सामान्य जांच जैसे ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, पैप समेयर टेस्ट आदि की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई | उक्त शिविर में कुल 40 लोगों ने स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श का लाभ उठाया |



## लेडीज़ वेलफेयर एसोसिएशन, ऋषिकेश 'तेजस्विनी' द्वारा बैठक का आयोजन





लेडीज़ वेलफेयर एसोसिएशन 'तेजस्विनी', ऋषिकेश की नव गठित समिति द्वारा 26 जून, 2024 को जून माह की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक के दौरान क्लब में शामिल होने वाली नई सदस्याओं का स्वागत किया गया | बैठक में क्लब की संरक्षिका, श्रीमती मनु शिखा गुप्ता की उपस्थिति में क्लब की कुछ सदस्याओं के जन्मदिवस का धूम-धाम से आयोजन भी किया गया | इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों एवं रोमांचकारी गेम्स के साथ सभी सदस्याओं ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया।

## Congratulations & Best Wishes...



Miss. Priyanshi Singh
D/o Sh. Pritam Singh
Jr. Officer (D(T)Sect.)
Rishikesh
CBSE- Class 10th
Percentage- 92.6%



Master Vinayak Uniyal
S/o Sh. Vinod Uniyal
Jr. Officer (HR-Estb.)
Rishikesh
CBSE- Class 10th
Percentage- 91.8%



Miss. Riya Sahani
D/o Sh. Komal Kumar
Surveyor, S&I Department,
Rishikesh
CBSE- Class 10th
Percentage- 91.4%



टिहरी परियोजना में कार्यरत श्री अमित रावत, उप प्रबंधक (बांध एवं स्पिल्वे विभाग), ने द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया (The Institution of Engineers (India)), कोलकाता से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि CGPA 7.27 के साथ प्राप्त की है इसलिए निगम इस सफलता के लिए इन्हें हार्दिक बधाई देता है |

## भावभीनी विदाई एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएं



श्री एस. के. शर्मा
अपर महाप्रबंधक (एचआरडी)
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति 30-06-2024



श्री जगबीर सिंह राणा
अपर महाप्रबंधक (गुणवत्ता आश्वासन)
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति 30-06-2024



श्री विकास कुमार चौहान
अपर महाप्रबंधक (डैम व पॉवर हाउस)
कोटेश्वर
सेवानिवृत्ति 30-06-2024



श्री माखनलाल खांगर
उप महाप्रबंधक (सेफ़्टी)
टिहरी
सेवानिवृत्ति 30-06-2024

## भावभीनी विदाई एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएं



श्री सरजीत सिंह राणा
उप महाप्रबंधक (विधि एवं आर.सी.)
देहरादून
सेवानिवृत्ति 30-06-2024



श्री मधु भूषण पांडे
उप प्रबंधक (वित्त)
जयपुर
सेवानिवृत्ति 30-06-2024



श्री एस. वामसी प्रसाद
वरि. प्रबंधक (विधि एवं मध्यस्थता)
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति 30-06-2024



श्री चंद्र प्रकाश भट्टी
सहायक प्रबंधक (सा. एवं पर्या.)
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति 30-06-2024



श्री गणेश दत्त बहुगुणा
अधिकारी (मा.सं. एवं प्रशा.)
टिहरी
सेवानिवृत्ति 30-06-2024



श्री पी. के. कुलश्रेष्ठ
कार्यपालक सचिव(डिजाइन-सिविल)
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति 30-06-2024



श्री रोशन लाल सेमवाल
कनिष्ठ अधिशासी (नियोजन)
टिहरी
सेवानिवृत्ति 30-06-2024



श्री पदम सिंह नेगी
उप अधिकारी (मैकेनिकल)
टिहरी
सेवानिवृत्ति 30-06-2024



श्री बलबीर सिंह तोपवाल
उप अधिकारी (वित्त एवं लेखा)
टिहरी
सेवानिवृत्ति 30-06-2024



श्री मनवीर सिंह चौहान
उप अधिकारी (पीएसपी)
टिहरी
सेवानिवृत्ति 30-06-2024



श्री रणवीर सिंह
उप अधिकारी (निदेशक (कार्मिक) सचि.)
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति 30-06-2024



श्री पवन कुमार सकलानी
हेल्पर (विधि एवं मध्यस्थता
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति 30-06-2024




श्री लाखी राम
परिचारक (परिकल्प-विद्युत)
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति 30-06-2024



श्री कृपाल सिंह
हेल्पर (मैकेनिकल)
टिहरी
सेवानिवृत्ति 30-06-2024

Designed In-House by Corporate Communication
Department, Rishikesh



टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED

डॉ. ए. एन. त्रिपाठी, महाप्रबंधक ( मानव संसाधन व जनसम्पर्क) द्वारा टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के लिए गंगा भवन, प्रगतिपुरम, बाईपास रोड़, ऋषिकेश- 249201 (उत्तराखंड) से प्रकाशित
फोन: 0135-2473504, वेबसाइट: www. thdc. co.in, ईमेल: prthdcil@gmail.com & hj.thdc@gmail.com
गृह पत्रिका/न्यूज लेटर में प्रकाशित लेखों/रचनाओं में व्यक्त किए गए विचार लेखकों के अपने हैं और उनसे टीएचडीसीआईएल प्रबंधन का सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
(निशुल्क आंतरिक वितरण के लिए)

Follow us:- @THDCIL 24x7 @THDCIL_MOP @THDCIL @THDCIL India Limited - Official @THDC India Limited-Official